उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, बुधवार, 12 अगस्त 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 1

देश

# खेल मैदान में नर्सरी बनाने की तैयारी पर गांव में विरोध, डीएम से की शिकायत।



सह संपादक अशोक कुमार बुलंदशहर: विकासखंड पहासू के गांव वुढांसी स्थित सरकारी जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में बने खेल मैदान को बचाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक पहासू के अधिकारियों द्वारा ग्राम समाज की इस जमीन पर नर्सरी बनाने के लिए खुदाई की तैयारी की जा रही है। गांव वुढांसी का यह खेल मैदान ग्राम समाज की जमीन पर है और देश की आजादी के समय से ही बच्चों के खेलकूद के लिए उपयोग हो रहा है। लगभग 8000 की आबादी वाले इस गांव में बच्चों के लिए यही एकमात्र खेल का मैदान उपलब्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मैदान में नर्सरी बना दी गई तो आने वाली पीढ़ी को न खेलने की जगह मिलेगी और न ही शारीरिक विकास का अवसर। स्थानीय निवासी बाबूलाल शर्मा उर्फ लवली भूरा शर्मा , गौरव शर्मा, दामोदर प्रजापति, बुद्ध सेन, हिमांशु, अजय, कालीचरण, शैलेंद्र ज्वेलर्स, शिवकुमार, आदि सैकड़ो की तादाद में मौजूद ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव में पंचायत के पास अन्य खाली जमीन उपलब्ध है, लेकिन प्रशासन द्वारा जानबूझकर खेल मैदान को ही चुना जा रहा है।

## एक नज़र में

श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर भोलेनाथ के मंदिरों मे शिवभक्तों की लगी कतार।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर भोलेनाथ के मंदिरों मे शिवभक्तों की लगी कतार।



संवाददाता खुशांत गुप्ता (छाता) सावन मास के दूसरे सोमबार के अवसर पर मैन बाजार स्थित रत्नेस्वर महादेब मन्दिर में बाबा भोले नाथ के भक्तों ने बम बम भोले के जयकारे लगाये भगवान शिव को यह श्रावण माह सबसे ज्यादा प्रिय होता है जो भी भक्त सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं तो भगवान खुश होकर भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण करते हैं मंदिर सेवाधिकारी गौरव अविरल सास्त्री ने बताया भगवान शिव को प्रसन्न करने का उत्तम माह सावन है जिसमे विभिन्न प्रकार के गाय के दूध व फलों के रस से रुद्रभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।